कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय सनावल
जिला - बलरामपुर (छ.ग.)
Web. : www.gcsanaval.ac.in E-mail : principalgcs7575@gmail.com

क्र. सनावल दिनांक 29/3/2020

महत्वपूर्ण सूचना

शासकीय महाविद्यालय सनावल के राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त छात्र-छात्राओं (स्वयंसेवकों) को सूचित किया जाता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार कोरोना वायरस (COVID-19) एक संक्रामक बीमारी है जो विश्व के विभिन्न देशों में तेजी से महामारी का रूप ले रही है। हमारा देश व प्रदेश भी इससे अछूता नहीं है ऐसे समय में देश व समाज को हमारी सेवाओं की आवश्यकता पड़ सकती है। इस आपदा की स्थिति में देश सेवा का एक सुनहरा अवसर हमें आवाज दे रहा है। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर एवं जिला प्रशासन, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा इस हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जो जनसेवा करने के इच्छुक हैं उन्हें उनके अभिभावकों/पालकों से सहमति प्राप्त कर इस सेवा हेतु आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाकर सेवा कार्य पर लगाने की संभावना के तहत इच्छुक छात्र-छात्राओं की सूची माँगी गई है।

अतः इच्छुक छात्र-छात्रा अपने अभिभावक/पालक के सहमति पत्र सहित अपना नाम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो० महेन्द्र कुमार उके के मोबाइल नंबर 94255 46384 पर अतिशीघ्र भेजना सुनिश्चित करें।

कोरोना से लड़ेंगे और जीतेंगे...।

29/3/2020
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सनावल
जिला – बलरामपुर (छ.ग.)